दिनांक– 11/08/2024 समयः 7.10पीएम

## आकाशवाणी भोपाल

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उच्च पैदावार, जलवायु अनुकुल और जैव सषक्त वाली फसलों की 109 किस्में की जारी।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छात्राओं के लिए सेनीटेसन और हाइजीन योजना में 57 करोड़ से अधिक की राषि की अंतरित।
- हर घर तिरंगा अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का कल भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे षुभारंभ।
- प्रदेष में एक बार फिर तेज बारिष का दौर षुरू।

### फसल किस्में जारी–प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में उच्च पैदावार, जलवायु अनुकूल और जैव सशक्तर वाली फसलों की 109 किस्में जारी की। ये किस्में 61 फसलों की हैं जिनमें खेती की 34 और बागवानी की 27 फसलें हैं। खेत फसलों में बाजरा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास और अन्य फसलों के बीज शामिल हैं। बागवानी फसलों में फल, सब्जी, कंदमूल, मसाले, फूल और औषधि पौधों के बीज हैं।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी की। नई फसल किस्मों पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इनसे कृषि में मूल्यसवर्धन होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों को नई किस्मों के बारे में किसानों को जानकारी देने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। श्री मोदी ने नई फसल किस्म विकसित करने के लिए वैज्ञानिकों की सराहना की। वैज्ञानिकों ने बताया कि वे प्रधानमंत्री के सुझावों के अनुरूप काम कर रहे है।

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संवाददाताओं से चर्चा में कहा कि आज किसानों के लिए ऐतिहासिक दिन है जब 61 फसलों की 109 किस्में जारी की गई हैं। इनसे किसानों की आय बढेगी, पैदावार में इजाफा होगा और लागत घटेगी। श्री चौहान ने कहा कि इन फसलों के बीज जलवायु अनुकूल है और खराब मौसम में भी बेहतर पैदावार दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि ये किस्में पोषक तत्वों से भरपूर है।

### छात्र संवाद–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय महिलाएं प्रारंभ से शौर्य और पराक्रम का महत्वपूर्ण उदाहरण रही हैं। भारत का इतिहास महिलाओं के साहस से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज भोपाल के रवीन्द्र भवन में उच्च शिक्षा और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित छात्राओं के संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर समग्र शिक्षा के अंतर्गत सैनिटेशन एवं हाइजीन योजना में 19 लाख छात्राओं को 57 करोड़ 18 लाख रुपये की राशि अंतरित की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों और महाविद्यालय की छात्राओं को स्वच्छता के महत्व और उनके उपायों के बारे में जानकारी दी जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को छात्राओं द्वारा "विशाल

राखी” भेंट की गई। इसके बाद छात्राओं ने मुख्यमंत्री को राखी भी बांधी। डॉ. यादव ने छात्राओं को उपहार भेंट किए। मुख्यमंत्री ने गणतंत्र दिवस परेड नई दिल्ली–2024 और राष्ट्रीय सेवा योजना में मध्यप्रदेश का नेतृत्व करने वाली छात्राओं, महाविद्यालय में विभिन्न संकायों में अव्वल रहने वाली छात्राओं का सम्मान किया। साथ ही यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में जिन छात्राओं ने भागीदारी की, उनका भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मान किया।

**मंडला दौरा–मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मंडला जिले के नगर परिषद बम्हनी में रक्षाबंधन एवं श्रावण उत्सव लाड़ली बहनों के लिए आभार सह उपहार कार्यक्रम में शामिल हुए और सभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रदेश में प्रारंभ हो रही तिरंगा यात्रा का भी हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में लाडली बहनों ने उन्हें राखी बांधी। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने उन्हें उपहार भेंट किए। इस अवसर पर सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते व पीएचई मंत्री संपतिया उइके मौजूद रही।

**हर घर तिरंगा**

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा कल सुबह राज्य स्तरीय भव्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल के सुभाष नगर खेल मैदान से इसका शुभारंभ करेंगे। राज्य स्तरीय भव्य तिरंगा यात्रा में विशिष्ट अतिथि के रूप में ओलम्पियन विवेक सागर और ऐश्वर्य प्रताप सिंह सहभागिता करेंगें। इस तिरंगा यात्रा में लगभग 5000 खिलाड़ी और स्कूली बच्चे प्रतिभागिता करेंगें। कार्यक्रम में पुलिस बैंड, साइकिल ग्रुप और स्केटर्स भी शामिल होंगें। हर घर तिरंगा अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भोपाल के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और उनके परिवार जनों को तिरंगा यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व सम्मानित किया जाएगा।

**हॉकी सम्मान–मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज मुख्यमंत्री निवास में भारतीय हॉकी टीम के सदस्य प्रतिभावान खिलाड़ी और मध्यप्रदेश पुलिस में डीएसपी विवेक सागर को अंग वस्त्र और मैडल से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्री सागर ने हॉकी खेल में अनेक उपलब्धियां अर्जित की हैं। राज्य सरकार उन्हें पूर्ण प्रोत्साहन और सहयोग देगी। उल्लेखनीय है कि विवेक सागर ने भारतीय टीम के सदस्य के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हाल ही में ओलंपिक खेलों में भारत की हॉकी टीम को कांस्य पदक प्राप्त हुआ है।

**बारिश/मौसम**

प्रदेष में एक बार फिर तेज बारिष का दौर षुरू हो गया है। मुरैना, भिंड, ष्योपुर, ग्वालियर में आज भारी बारिष हुई। नदी नाले ऊफान पर आ गए और कई गांव जलमग्न हो गए। वहीं भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन, इंदौर और जबलपुर सहित प्रदेष के अन्य जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की बारिष हुई। मौसम विभाग के अनुसार 14 अगस्त के बाद एक और सिस्टम बनने से तेज बारिष होने की संभावना है। मौसम विभाग ने जबलपुर, मंडला, डिंडौरी, कटनी, नरसिंहपुर, सिवनी सहित कुछ जिलों में अनेक स्थानों पर भारी

बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग ने पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली और ग्वालियर में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है।

## ओलिम्पिक

लगभग तीन सप्ताह तक चली, रोमाचंक खेल स्पर्धाओं के बाद आज रात पेरिस ओलिम्पिक खेलों का रंगारंग समापन होगा। समापन समारोह रात साढ़े 12 बजे शुरू होगा। इस दौरान 80 हजार दर्शकों के स्टेडियम में मौजूद रहने की संभावना है। समापन समारोह में फ्रांस के राष्ट्रपति इमेन्नुएल मैक्रों ओलम्पिक ध्वज को 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले अगले ओलम्पिक खेलों की आयोजन समिति को सौंपेंगे। भारत की ओर से मनु भाकर और श्रीजेश ध्वजवाहक होंगे। इस ओलिम्पिक में भारत ने एक रजत और पांच कांस्य पदक सहित कुल छह पदक जीतकर 71वां स्थान हासिल किया। चीन ने 39 स्वर्ण सहित कुल 90 पदक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। अमरीका 38 स्वर्ण सहित कुल 123 पदक के साथ दूसरे तथा ऑस्ट्रेलिया 18 स्वर्ण सहित 44 पदक के साथ तीसरे स्थान पर है।

## समारोह–राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि आपातकालीन चिकित्सा में फर्स्टऑवर अर्थात गोल्डन ऑवर बहुत महत्वपूर्ण होता है। इस अवधि में त्वरित और सटीक मेडिकल सहायता से कई लोगों को जीवन दान मिल सकता है। राज्यपाल श्री पटेल इमरजेंसी मेडिसिन के 20वें राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक बेसिक लाइफ़ सपोर्ट की जागरूकता आवश्यक है। स्वास्थ्य कर्मियों को भी आपातकालीन चिकित्सा के नवीनतम प्रोटोकॉल्स से अपडेट करें। राज्यपाल श्री पटेल ने आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को प्रभावी बनाने और चिकित्सा नवाचारों के लिए एम्स और आयोजकों को बधाई दी।

## समाचार संक्षेप

- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज शिवपुरी में तिरंगा यात्रा में भाग लिया। जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक छात्र–छात्राएं और सामाजिक क्षेत्र के लोग शामिल हुए।
- सीहोर जिले में हर घर तिरंगा अभियान में कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देश पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले में अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।
- आगरमालवा में श्रीबैजनाथ महादेव की 46 वीं शाही सवारी कल सोमवार को निकाली जाएगी। श्रृद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रषासन ने पुख्ता इंतजाम किये हैं।

---------------------